
मासिक समाचार पत्र

RNI - MPHIN/2020/83379



आधार जायसवाल, इंदौर
15/02/2016






कार्ड शिवहरे,जबलपुर
02/02/2015

प्रधान संपादक : आधार कार्ड के जनक सुनील जायसवाल द्वारा बंदरों की परिकल्पना 16 मई 2010 (जनहित में जारी)

वर्ष -4 अंक-10 इन्दौर, 15 दिसम्बर 2023 पृष्ठ - 8 मूल्य 1 रुपये

सुविचारः हर प्रयास गलतियों की शुरुवात से प्रारंभ होता है:- आधार कार्ड के जनक सुनील जायसवाल

Aadhaarcardkejanaksuniljaiswal@gmail.com

## 'घर परिवार और अपनो को मुझे बचाना है मुझे आज ही वैक्सीन लगवाना है'






पूर्व हाईकोर्ट जज श्रीमान उमेश माहेश्वरीजी के मुख्य आतिथ्य में कुलपतिजी को आधारायण ग्रंथ भेंट की गई।



मेघा पंचांग कैलेण्डर 2024 का विमोचन करते हुए।



दैनिक भास्कर के श्रीमान ओम चौधरीजी का परिवार।





भारूका परिवार



बाणेश्वरी भल्लू भैय्या मिश्रा परिवार


जतिन वासुदेव मिश्रा परिवार




जीरापुर, वर्मा परिवार




शानू रफीक भाई सदरबाजार परिवार


सांई ट्रेडर्स संतोष यादव परिवार


क्षेत्र क्रमांक 19 की पार्षद संध्या राधाकिशन पुत्र मासूम जायसवाल
आधारकार्ड के जनक सुनील जायसवाल, पत्नी यामा, पुत्र मासूम जायसवाल




उषा बुआ, दिनेश जायसवाल


संजय, मंगल





झाबुआ




मौसमी शिवहरे, जबलपुर











## सोशल मिडिया पर प्रतिदिन प्रसारित

9827222811 https://youtu.be/xurY3eQlrSI https://youtu.be/0XQf02Ub6fk
E-mail - aadhaarcardkejanaksuniljaiswal@gmail.com
http://www.aadhaarcardkejanaksuniljaiswalindore.com

# सुविचार

भारत सरकार द्वारा जारी
आधार कार्ड के जनक
सुनील जायसवाल
100 बिलियन+ जिनियस
लेखक–सुविचारक

I have to save house family and ours want it to get vaccination today itself.

॥ घर परिवार और अपनों को मुझे बचाना है, मुझे आज ही वैक्सीन लगवाना है ॥



भारत स्वच्छ मिशन, इन्दौर नगर पालिका निगम स्लोगन प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त, मध्यप्रदेश भारत कोविड-19, कोरोना वायरस प्रिय मास्क + वेक्सीन + सेनेटाइजर न्यू लाइफ स्टाइल तृतीय वर्ष सुविचार श्रृंखला दिनांक 1 दिसम्बर 2023 से दिनांक 15 दिसम्बर 2023 तक




भारत स्वच्छ मिशन, इन्दौर नगर पालिका निगम स्लोगन प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त, मध्यप्रदेश भारत कोविड-19, कोरोना वायरस प्रिय मास्क + वेक्सीन + सेनेटाइजर न्यू लाइफ स्टाइल द्वितीय वर्ष सुविचार श्रृंखला दिनांक 16 नवंबर 2023 से दिनांक 30 नवंबर 2023 तक






# आधार कार्ड पर सरकार ने लिया बड़ा फैसला
# 14 मार्च 2024 तक कर सकेंगे अपडेट

**नईदिल्ली। आधार में बदलाव करने के लिए फ्री सुविधा को एक बार फिर से बढ़ा दिया है. अगर आप ऑनलाइन अपने आधार में अपडेट करना चाहते हैं तो उस पर कोई चार्ज नहीं लगेगा. इस सुविधा का फायदा 14 मार्च तक उठाया जा सकता है. यूआईडीएआई ने खुद इस बात की जानकारी दी है।**

आधार कोर्ड को लेकर सरकार ने बड़ा फैसला ले लिया है. अब जो भी लोग आधार कार्ड में फ्री में बदलाव करना चाहते हैं वो 14 मार्च तक कर सकते हैं. यूआईडीएआई ने माय आधार पोर्टल के माध्यम से आधार डिटेल के फ्री अपडेशन की डेडलाइन को फिर से बढ़ा दिया है. यूआईडीएआई ने 11 दिसंबर, 2023 को एक ऑफिस मेमोरेंडम जारी किया है।

ओएम के अनुसार आम लोगों का पॉजिटिव रिस्पांस देखने को मिल रहा है, जिसके आधार पर इस सुविधा को 3 और महीनों यानी 15 दिसंबर से अगले साल 14 मार्च तक के लिए बढ़ाने का फैसला लिया गया है. इस फैसले के बाद डॉक्युमेंट अपडेट की सुविधा myAadhaar पोर्टल https://myaadhaar.uidai.gov.in/ के माध्यम से 14 मार्च तक फ्री रहेगी. ध्यान देने वाली बात ये है कि यह फ्री फैसिलिटी सिर्फ ऑनलाइन अपडेशन के लिए ही मिली हुई है. अगर फिजिकली आधार सेंटर्स पर जाकर डॉक्युमेंट अपडेट कराते हैं तो 25 रुपए का चार्ज देना होगा।




### आधार डाटा को अपडेट क्यों रखना चाहिए?

यूआईडीएआई उन लोगों को अपने आधार को अपडेट करने की सलाह दे रहा है जिन्होंने बीते 10 सालों में ऐसा नहीं किया है. ऐसा आधार से जुड़े फ्रॉड पर लगाम लगाने के लिए किया जा रहा है. यूआईडीएआई ने अपनी वेबसाइट पर कहा कि डेमोग्राफिक जानकारी की निरंतर सटीकता के लिए कृपया अपना आधार अपडेट करें. जिन जानकारी को ऑनलाइन अपडेट किया जा सकता है उनमें नाम, पता, जन्मतिथि, लिंग, फोन नंबर और ईमेल आईडी शामिल हैं. फोटो, आईरिस या अन्य बायोमेट्रिक जानकारी भी अपडेट की जा सकती है. इसके लिए आपको फिजिकली आधार सेंटर पर जाना होगा.

### आधार अपडेट के लिए myAadhaar वेबसाइट का यूज़ कैसे करें?

सबसे पहले https://myaadhaar.uidai.gov.in/ पर जाएं.

अपने आधार नंबर या इनरोलमेंट आईडी का यूज कर लॉगिन करें और फिर 'नाम/लिंग/जन्मतिथि और पता अपडेट' बटन का चयन करें और क्लिक करें.

अब 'अपडेट आधार ऑनलाइन' बटन पर क्लिक करें.

ऑप्शन लिस्ट से 'पता' या नाम या लिंग चुनें और फिर 'आधार अपडेट करने के लिए आगे बढ़ें' पर क्लिक करें.

अब किसी व्यक्ति को अड्रेस अपडेट होने की स्थिति में एड्रेस प्रूफ जैसे अपडेटेड प्रूफ की स्कैन की हुई कॉपी अपलोड करनी होगी.

अब इसमें कोई पेमेंट शामिल नहीं है, लेकिन 14 मार्च 2024 के बाद इस अपडेट के लिए 25 रुपये का भुगतान ऑनलाइन लिया जाएगा.

इसके बाद एक नया वेबपेज खुलेगा और उस पर 'सर्विस रिक्वेस्ट नंबर (एसआरएन)' होगा. इसे भविष्य के रेफ्रेंस के लिए अपने पास रखें।

# अंगुलियों के निशान धुंधले होने पर आंख की पुतली से बनेगा

आधार कार्ड भारतीयों के लिए बहुत महत्वपूर्ण दस्तावेज है. इसके बिना कई सरकारी और निजी काम रुक जाते हैं. यदि आपके आधार कार्ड में पुरानी जानकारी है और उसे अपडेट नहीं किया है तो आपके लिए परेशानी हो सकती है. आइए जानते हैं कब तक आप आधार कार्ड को फ्री में अपडेट कर सकते हैं और इसकी प्रक्रिया क्या है?

### ये है आखिरी तारीख

केंद्र सरकार ने 10 साल पुराने आधार कार्ड को अपडेट करने के लिए नोटिफिकेशन जारी किया है और UIDAI की तरफ से इसे फ्री में अपडेट करने की सुविधा भी दी जा रही है. यदि आपका भी 10 साल पुराना आधार कार्ड है तो आपको इसे जल्दी से अपडेट कर लेना चाहिए. आधार को फ्री में अपडेट करने की अंतिम तिथि 14 मार्च 2024 है. अपडेट के लिए आपको UIDAI की वेबसाइट या आधार सेंटर जाना होगा, जहां आपसे कोई चार्ज नहीं लिया जाएगा. आधार अपडेट के लिए आपको दो जरूरी डॉक्यूमेंट की जरूरत होगी. पहला पहचान पत्र और दूसरा एड्रेस प्रूफ. पहचान पत्र के तौर पर आप वोटर कार्ड दे सकते हैं. आमतौर पर आधार अपडेट के लिए आधार सेंटर पर 50 रुपए का शुल्क लगता है.

### ऑनलाइन फ्री में इस तरह आधार करें अपडेट

1. इसके लिए आप सबसे UIDAI की आधिकारिक वेबसाइट पर क्लिक करें. 2. इसके बाद आपको आधार अपडेट के विकल्प को चुनना होगा। 3.




उदाहरण के तौर पर आपको पता अपडेट करने के लिए अपडेट एड्रेस के विकल्प को चुनना होगा। 4. आगे रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर दर्ज करके ओटीपी को यहां दर्ज करना होगा। 5. इसके बाद Documents Update के विकल्प को चुनना होगा। 6. आगे आपको आधार से जुड़े डिटेल्स दिखाई देगा। 7. सभी डिटेल्स को वेरिफाई करें और फिर एड्रेस अपडेट करने के मांग गए डॉक्यूमेंट्स को अपलोड कर दें। 8. इसके बाद आधार अपडेट की प्रक्रिया को स्वीकार कर लें। 9. इसके बाद आपके बाद 14 नंबर का अपडेट रिक्वेस्ट नंबर मिल जाएगा। 10. इसके जरिए आप आधार अपडेट की प्रक्रिया को ट्रैक कर सकते हैं.

### आंख की पुतली स्कैन करके भी बनेगा आधार कार्ड

फिंगरप्रिंट न होने पर आईरिस यानी आंख की पुतली के स्कैन से भी आधार कार्ड के लिए नामांकन किया जा सकता है. केरल की जोसीमोल पी जोस के हस्तक्षेप के बाद केंद्र सरकार ने यह फैसला किया है. जोसीमोल अंगुलियां न होने के चलते आधार कार्ड के लिए नामांकन नहीं कर पाई थीं.

### अब एक नई जानकारी...
# सरकार ने आधार और वोटर आईडी लिंक को लेकर दिया बड़ा अपडेट

**नईदिल्ली।** सरकार ने वोटर आईडी और आधार कार्ड को लेकर एक बड़ी जानकारी दी है. कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने शुक्रवार को लोकसभा में सवाल के जवाब में कहा कि भारत सरकार ने अभी तक आधार कार्ड को मतदाता पहचान पत्र से जोड़ना शुरू नहीं किया है. मंत्री ने कहा कि आधार को लिंक करने की प्रक्रिया संचालित है और आधार को वोटर आईडी से जोड़ने के लिए कोई टारगेट नहीं दिया गया है.

कानून मंत्री ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग ने बताया है कि आधार को ईपीआईसी से जोड़ना अभी शुरू नहीं हुआ है. इसके अलावा फॉर्म 6 बी जमा करने की समय अवधि एक साल के लिए बढ़ा दी गई है. हालांकि आधार को वोटर आईडी से जोड़ना अनिवार्य नहीं है. आप अपनी मर्जी से आधार कार्ड को वोटर आईडी से लिंक कर सकते हैं.

### कब तक जमा कर सकते हैं फॉर्म

अगर आप आधार को वोटर आईडी से लिंक करना चाहते हैं तो फॉर्म 6 बी जमा करना होगा, जिसकी डेडलाइन मार्च 2024 के अंत तक बढ़ा दी गई है. एक कांग्रेस सांसद के सवाल के जवाब में कानून मंत्री ने कहा कि जिन व्यक्तियों के पहचान पत्र अलग थे और नाम समान थे, उनका नाम मतदाता सूची से हटा दिया गया है.

### क्यों जरूरी है वोटर आईडी कार्ड

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि भारत का चुनाव आयोग संविधान के अनुच्छेद 324 के तहत मतदाता सूची की तैयारी निर्देशन और कंट्रोल के लिए जिम्मेदार है और आयोग के मुताबिक यह एक बहुस्तरी सुरक्षा के साथ चुनावी डेटा को स्थिर बनाए रखता है. चुनाव आयोग के मुताबिक, अगर किसी व्यक्ति का वोटर आईडी में नाम नहीं है तो उसे वोटिंग का अधिकार नहीं होगा. इसके साथ ही वोटर आईडी का इस्तेमाल आप पहचान पत्र और अन्य कामों के लिए भी कर सकते हैं.

स्वामी, मुद्रक व प्रकाशक सुनील जायसवाल द्वारा पकंज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग, एलयूएन-22, सेक्टर-एफ, इंडस्ट्रियल एरिया, इंदौर (मप्र) से मुद्रित एवं 35 शंकरबाग कालोनी, मरीमाता चौराहा, इंदौर,-452006 से प्रकाशित प्रबंध संपादक : आधार कार्ड के जनक सुनील जायसवाल , मोबाइल नं. 9827222811 (समस्त प्रकरणों का न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा)